**समय : ३ घंटे** **कुल अंक : १००**

**सूचना : १) सभी प्रश्न अनिवार्य है |**

**२) दायीं ओर के अंक पूर्ण अंक दर्शाते हैं।**

**3) उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक व उप क्रमांक अवश्य लिखे |**

**प्रश्न १. निम्नलिखित अवतरण की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए |** **(३०)**

**(क)** "मेरा पग पग संगीत भार
श्वासों में स्वप्न प्राग झरा
नभ के नवरंग बुनते दुकूल
छाया में मलय बयार पली |"

**अथवा**

"याद आते स्वजन
जिनका स्नेह से भीगा अमृतमय आँख
स्मृति -विहंग की कभी थकने न देगी पाँख
याद आता मुझे अपना वह तरउली ग्राम |"

**(ख)** "लाल बिहारी जल गया, थाली उठाकर पलट दी और बोला - जी चाहता है, जीभ पकड़ कर खींच लूँ |"

**अथवा**

"अपने दस साल के राजनितिक जीवन में उसका ऐसा मान मर्दन न हुआ था | जैसा आज हरिया ने किया था| घड़ो पानी पड़ा था उस पर |"

**प्रश्न २. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **(२०)**

**(च)** भिक्षुक कविता का संदेश अपने शब्दों में लिखिए |

**अथवा**

'दिया जलाना कब मना है' कविता एक आशावादी कविता है स्पष्ट कीजिए |

**(छ)** 'चीफ की दावत' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए |

**अथवा**

शकलदीप बाबू के परिवार की आर्थिक स्थिति पर प्रकाश डालिए |

**प्रश्न ३. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणी लिखिए |** **(१०)**

**प)** 'नर हो न निराश करो मन को'कविता का केन्द्रीय भाव |

**अथवा**

'झाँसी की रानी' कविता का कथ्य |

**फ)** मधुलिका का चरित्र चित्रण |

**अथवा**

पाजेब कहानी में बालमनोविज्ञान |

**प्रश्न ४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए |** **(१०)**

१. कवि अम्बर पनघट में किसके डूबने की बात कर रहा है?
२. पुष्प किसके शव में न चढाए जाने की बात करता है?
३. सिंदूर तिलकित भाल कविता में कवि के गाँव का क्या नाम है?
४. भिक्षुक किसके सहारे चलने की कोशिश कर रहा है?
५. मै नीर भरी दुःख की बदली कविता में दुकूल शब्द का प्रयोग किसके लिए हुआ है?



X0279Y281214X0279Y281214X0279Y281214X0279Y281214

६. श्री कंठ सिंह किस संस्कृति के समर्थक थे?

७. बाबा भारती के घोड़े का क्या नाम था?

८. चीफ की दावत में साहब को कौनसी चीज अधिक पसंद आयी?

९. डिप्टी कलेक्टरी की परीक्षा की फीस कितनी थी?

१०. कबूतरी के पति ने ठाकुर से कितना कर्ज लिया था?

**प्रश्न ५. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए| (१०)**

**त)** दैनिक समाचार पत्र में उप सम्पादक पद के लिए अपनी योग्यता का विवरण देते हुए आवेदन पत्र लिखिए|

**अथवा**

आपने बी.ए. की डिग्री प्रथम क्रमांक से प्राप्त की हैं| इस सम्बन्ध में आपके परिवार को पत्र लिखे|

**प्रश्न ६. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए| (१०)**

**१) निम्नलिखित वाक्य का शुद्ध रूप लिखिए|**

I) हमे अपने बडो की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए|

II) दुःशासन ने द्रौपदी का चिर हरण किया था|

**२) निम्नलिखित वाक्य के संज्ञा शब्द लिखिए|**

I) मुझे अपनी मित्रता पर गर्व है|

II) वहाँ भीड़ इकठ्ठी है|

**३) निम्नलिखित वाक्य के सर्वनाम शब्द लिखिए|**

I) यह कार्य किसने किया|

II) आज ड्यूटी पर कौन है|

**४) निम्नलिखित वाक्य में क्रिया पहचानिए|**

I) पुष्पा उठकर बैठ गई|

II) माँ खाना खिला रही है|

**५) निम्नलिखित वाक्य में विशेषण पहचानिए|**

I) हिंदी एक मधुर भाषा है|

II) उसे दो किलो आलू चाहिए|

**प्रश्न ६.(आ) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए| (१०)**

प्राचीन काल में जनक महाराज विदेह में राज्य करते थे| मिथिला विदेह की राजधानी थी| मिथिला नगरी में राजमहल आस-पास कोई एक हजार संन्यासियों की पर्णकुटियाँ थी| मिथिला के सिंहासन पर बैठने पर भी महाराज जनक को फकीरी का शौक था| कहा जाता है कि महाराज जनक ज्ञानी थे| वे इस तरह राज काज चलाते थे, मनो स्वयं परमात्मा के विनयशील सेवक है| सुबह से सायं तक सारे राज्य का प्रबंध करते, शत्रुओं का पता करते, अपराधी को दण्ड देते, लोक-कल्याण के उपाय करते और इतना सब कुछ करने पर भी वे किसी सांसारिक कार्य में लिप्त नहीं होते थे| इसलिए लोग उनको विदेह जनक कहते थे|

**प्रश्न 1.** विदेह की राजधानी कहाँ थी ?

**प्रश्न 2.** राजमहल के आसपास किन लोगों की कुटियाँ थीं ?

**प्रश्न 3.** महाराज जनक को क्या शौक था ?

**प्रश्न 4.** महाराज जनक परमात्मा से अपना क्या संबंध रखते थे ?

**प्रश्न 5.** महाराज जनक राज्य चलाने के लिए क्या-क्या कार्य करते थे ?

************



X0279Y281214X0279Y281214X0279Y281214X0279Y281214